मेरी आवाज सुनो लोकजीवन
अगर आपके क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, नाली, अतिक्रमण आदि कोई भी समस्या है। अवैध एवं गैर कानूनी कार्य हो रहा है। अधिकारी कर्मचारी आपकी शिकायत नहीं सुन रहे हैं ...
तो आप की आवाज बनेगा दैनिक लोकजीवन
आज ही आपकी समस्या हमें वीडियो एवं फोटो सहित भेजिए।
Whatsapp : 94622-40896
Email-lokjeewan@gmail.com

दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 240 ■ भीलवाड़ा ■ सोमवार 12 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन, शुक्ल पक्ष 2, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

पढ़ें पेज 04 पर...
कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारियों में जुटें: पासवान

वकीलों में गुस्सा, कार्य बहिष्कार, टायर जला किया रोड जाम

वकील पर हमले का विरोधः मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आक्रोश

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

न्याय के मंदिर में पैरवी करने वाले अधिवक्ता खुद आज असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अधिवक्ता गोविंद माणमिया पर हुए जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी अब तक न होने के विरोध में जिलेभर के वकीलों ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला अभिभाषक संस्था के आह्वान पर जिलेभर के अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में न्यायिक कार्यों का पूरी तरह बहिष्कार किया, जिससे अदालतों में सन्नाटा पसरा रहा और न्यायिक कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा।

जिला अभिभाषक संस्था के अनुसार, 1 अक्टूबर 2026 को सायं 8:30 से 9 बजे के करीब जब अधिवक्ता गोविंद माणमिया अजमेर चौराहे से आ रहे थे, तब एक व्यक्ति स्कूटर पर सवार होकर आया। आरोपी ने रोककर लूटपाट करने की कोशिश की और जब अधिवक्ता ने बचाव किया, तो जेब से चाकू निकालकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस संबंध में थाना सुभाषनगर में प्रकरण संख्या 326/2026 दर्ज किया गया था। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी दुर्गालाल उर्फ अक्षय गुर्जर उर्फ विक्रम की गिरफ्तारी नहीं होने से वकीलों में भारी रोष व्याप्त है।

अधिवक्ताओं ने सड़कों पर उतरकर टायर जलाकर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ और महासचिव पंकज कुमार दाधीच के नेतृत्व में अधीनस्थ न्यायालयों के बार अध्यक्षों के साथ बैठक कर यह कड़ा संदेश देने का निर्णय लिया गया था। जिलेभर की तमाम बार एसोसिएशनों के समर्थन के बाद आज सभी न्यायालयों में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। वकीलों के अदालतों में न आने और प्रदर्शन के चलते मुकदमों की सुनवाई और पेशियां टल गईं, जिससे दूर-दराज से आए वादकारियों को भी मायूस होकर लौटना पड़ा।

बड़े आंदोलन की चेतावनी

अभिभाषक संस्था ने प्रशासन और पुलिस को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो इस विरोध प्रदर्शन को और अधिक आक्रामक किया जाएगा। वकीलों ने दो टूक कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर इस आंदोलन को संपूर्ण राजस्थान स्तर पर फैलाया जाएगा और प्रदेशभर में न्यायिक कार्यों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

न्याय व्यवस्था पर खड़े होते सवाल

आम जनता को न्याय दिलाने वाले अधिवक्ताओं पर इस प्रकार के हमले होना और उस पर पुलिस प्रशासन का ढुलमुल रवैया अपनाना सीधे तौर पर न्याय व्यवस्था की कार्यशैली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। यदि समय रहते पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए और आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं की, तो इससे अपराधियों के हौसले और अधिक बुलंद होंगे। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस चेतावनी और उग्र प्रदर्शन के बाद कितनी जल्दी मुख्य आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचाने में कामयाब होता है।

बीजेपी-कांग्रेस के पहले चरण के टिकट फाइनल! फोन पर सूचना

बीजेपी ऑफिस में फॉर्मों की जांच

पंचायत चुनावः दोनों दलों ने अपने-अपने ऑफिस में बैठाए वकील, फार्म चेक कर रहे ताकि कमी न रहे

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भाजपा-कांग्रेस ने भीलवाड़ा जिले में जिला परिषद व पहले चरण की नौ पंचायत समितियों के चुनाव के लिए अपने-अपने प्रत्याशी फाइनल कर दिए हैं। इसमें जिताऊ पर फोकस रखा गया है। दोनों दलों ने अपने-अपने जिला कार्यालय में विधि प्रकोष्ठ से जुड़े वकीलों को बैठाया है, वे प्रत्याशियों के नामांकन पत्र को पहले अच्छी तरह चेक कर रहे हैं, ताकि कोई कमी न रहे। फिर उन्हें नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास भेजा रहा है। आज कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने वालों और उनके समर्थकों का तांता लगा रहा।

पंचायत चुनाव में भी पार्टियां नगरीय निकाय चुनाव की तर्ज पर टिकट जारी करने की रणनीति पर चल रही है। भीलवाड़ा जिले के सिंबल जिला प्रभारियों को दिए जा चुके हैं। प्रभारी संबंधित उम्मीदवार को फोन करके नाम फाइनल होने की सूचना दे रहे हैं। पंचायत चुनाव में टिकट वितरण के बाद बगावत की आशंका को देखते हुए भाजपा और कांग्रेस इस बार भी उम्मीदवारों की सूची अंतिम समय तक गोपनीय रख रही है। पंचायत चुनाव के पहले चरण में जिला परिषद तथा नौ पंचायत समितियों सुवाणा, बिजौलियां, जहाजपुर, खजूरी, कोटड़ी, मांडलगढ़, बनेड़ा, करेड़ा, मांडल के नामांकन की अंतिम तिथि कल यानी 13 अक्टूबर है। इस दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे।

जिला परिषद के सभी 45 वार्डों के नामांकन की प्रक्रिया एक साथ चल रही है। जिला परिषद के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट के पांच कमरों में जमा हो रहे हैं। भाजपा व कांग्रेस जिला कार्यालय में दोनों पार्टियों से जुड़े वकीलों को बैठाया गया है। जिला परिषद चुनाव में जिन दावेदारों को टिकट दिया गया है, उन्हें फोन पर सूचना दी रही है। फिर उनके फार्म पूरी तरह जांचने के बाद कमियां पूरी की जा रही। इसके बाद उम्मीदवारों को फार्म जमा कराने कलेक्ट्रेट संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के पास भेजा जा रहा। वहां वे फार्म जमा करा रहे।

जिला परिषद के वार्ड नं. 13 से नामांकन करने जाते कांग्रेस के दुर्गपाल सिंह।

दूसरा चरणः पंचायत समिति सदस्यों के लिए कल से नामांकन

पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में जिले की 7 पंचायत समिति रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, फूलियाकलां, आसींद, हुरड़ा एवं शंभूगढ़ के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य 13 अक्टूबर से शुरू होगा। नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर नाम निर्देशन पत्र पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संबंधित रिटर्निग अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। फार्मों की संवीक्षा 17 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11 बजे, नाम वापसी की अंतिम तारीख 19 अक्टूबर अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरंत पश्चात किया जाएगा।

दूसरे चरण का मतदान 28 को

पंचायत समिति सदस्यों के लिए द्वितीय चरण का मतदान 28 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। मतगणना जिला मुख्यालय पर 20 नवंबर को प्रातः 8 बजे से मतगणना समाप्ति तक की जाएगी। प्रधान के चुनाव की तिथि 27 नवंबर तथा उप प्रधान के चुनाव की तिथि 28 नवंबर निर्धारित की गई है।

WORTHYTECH SOLUTIONS
IDEAS | TECHNOLOGY | GROWTH
We Build Solutions for Your Business at an Affordable Cost.
WEBSITE DEVELOPMENT
SOFTWARE DEVELOPMENT
APP DEVELOPMENT
DIGITAL MARKETING
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for New Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara (Raj.) - 311001
9982376430
www.worthytechsolutions.com
info@worthytechsolutions.com

CR-DR, सरपंच, पंच चुनाव हेतु
चुनाव प्रचार सामग्री
हैंडबिल, परचे, पोस्टर, स्टीकर, नमूना मतपत्र, नियमावली पुस्तिका, चौकड़ी मोहर, मतदाता पर्ची हेतु विश्वसनीय स्थान
शारदा प्रेस, लोकजीवन
सूचना केन्द्र चौराहा, भीलवाड़ा (मो.) 9414112589

Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
0% COMMISSION
96943 97383 | 92166 69115

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में
डॉ. राहुल नाहर — ENT & Head Neck Surgery, MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist
डॉ. सुश्रुत कालरा — Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon, MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur
डॉ. अरुण आर्य श्योराण — Medical Gastroenterologist, MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्कवायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals | CKSHospitals | www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

Available for sale
Available for Sale "On As is Where is Basis
LEYLAND ECOMET 1815
Model 2022
Registration NO.
Reg No. RJ-09-GD-6314
For details, contact
Sundaram Finance Limited.
Bhilwara Branch,
Phone No. 9413385558
Within a week

DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं
डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD) (BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा
डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE) (Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT • अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज • फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना • इम्प्लान्ट् • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता– ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

नगरपालिका, गुलाबपुरा
जिला- भीलवाड़ा
की नव निर्वाचित चेयरमैन का
पदभार ग्रहण समारोह
सोमवार, दिनांकः- 12-10-2026
समयः- दोपहर 2.00 बजे
स्थानः- नगरपालिका परिसर, गुलाबपुरा
श्रीमान् झाबर सिंह जी खर्रा — राजस्थान सरकार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नगरीय विकास एवं स्वायत शासन वि.
श्रीमान् जब्बरसिंह जी सांखला — विधायक आसीन्द हुरड़ा
श्रीमती विष्णु देवी वैष्णव — चैयरमेन, नगर पालिका, गुलाबपुरा
इस अवसर पर आप सभी नगरवासियों, सामाजिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों एवं इष्ट मित्रों का सादर आमंत्रण है।
निवेदकः- नगरपालिका मण्डल, गुलाबपुरा
नगर पालिका गुलाबपुरा क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करें

नवरात्रि दूसरा दिन

माँ ब्रह्मचारिणी-'काम-वासना' का शमन

माँ ब्रह्मचारिणी तप, स्वाध्याय और नियम की साक्षात् मूर्ति हैं। इनका संघर्ष अनियंत्रित वासना, भटकाव और चंचलता रूपी असुर से है। आज के युग में यह असुर 'त्वरित सुख' की अधीरता है। हमें सब कुछ तुरंत चाहिए–भोग, प्रशंसा व भौतिक वस्तुएँ। ब्रह्मचारिणी हमें आत्म-संयम सिखाती हैं। मन की ऊर्जा को भटकाने के बजाय विद्या, योग व सदाचार में लगाना ही वासना रूपी असुर पर विजय पाना है। देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप की यह कृति शहर की युवा चित्रकार अनु प्रजापत ने मधुबनी मिथिला शैली में लोकजीवन के लिए बनाई है।

न्यूज इन बाक्स

यूनेस्को की बैठक में सोशल अवेयरनेस कार्यक्रम करने का निर्णय

भीलवाड़ा। जिला यूनेस्को एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली के मुख्य आतिथ्य में नेहरू रोड़ स्थित कार्यालय में हुई। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल ने की। सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। यूनेस्को द्वारा कई विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने के तहत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को ड्राईंग शीट व कलर सहित स्टेशनरी वितरण, सोशल अवेयरनेस के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर परिषद की पूर्व सभापति मधु जाजू, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, पूर्व अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, संगठनमंत्री कमलेश जाजू, प्रवक्त I मधु लोढा, उषा अग्रवाल, रामचन्द्र मून्दड़ा, साधना मेलाना, राजेश जीनगर, ओम उज्ज्वल, तोताराम सांखला सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

पूर्व उप निदेशक पारीक अ.भा.सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बने

भीलवाड़ा। अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा (गोटे वाले) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, समाजहित एवं आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा की गई। पूर्व शिक्षा उपनिदेशक योगेश पारीक को महासभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पारीक को प्रदेश अध्यक्ष शर्मा द्वारा पगड़ी दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। अपेक्षा की गई कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, समाज को एकजुट करने तथा समाजहित के कार्यों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रवीण शर्मा, अनुभव जोशी, संजय व्यास, रामगोपाल पारीक, दीपक व्यास, श्याम सुंदर व्यास, ऋषि शर्मा, आदित्य सनाढ्य, कमलेश शर्मा उपस्थित रहे।

सोच बदलेंगे तो जीवन बदल जाएगाः प्रिया दर्शना माताजी

भीलवाड़ा। जैन संत प्रिया दर्शना माताजी ने आज जायंट्स ग्रुप के सदस्यों से कहा कि परिस्थितियों को दोष देने से पहले स्वयं चिंतन करें। वे जायंट्स ग्रुप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र जैन के यहां विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की जिंदगी हर साल बेहतर होती जाती है और कुछ की जिंदगी वहीं रह जाती है। फर्क किस्मत में नहीं आदतों में होता है। सोच में होता है। हम सोच बदलेंगे तो जीवन बदल जाएगा। हर सुबह सिर्फ सूरज नहीं उगता अपितु हम सबके जीवन में कुछ नया करने की एक संभावना भी जन्म लेती है। मंदिर कोई बीमा पॉलिसी नहीं है कि जीवन में दुख नहीं आएगा परंतु दुख को टालने की शक्ति अवश्य हमारे जीवन में आती है। माता जी का पदार्पण होने पर उनकी भक्त कविता तरुण जैन ने उनका पद प्रक्षालन किया। मधु जैन ने स्वागत किया।

बालिकाओं ने शौर्य प्रदर्शन से दिया नारी शक्ति का संदेश

भीलवाड़ा। दुर्गा शक्ति अखाड़े के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शारदीय नवरात्रि की एकम से शहर में संचलनों की शुरुआत हुई। पहला संचलन अशोक नगर स्थित मालीखेड़ी पार्क से निकला। घोष वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच निकले इस संचलन में अखाड़े की बालिकाओं ने अनुशासन, उत्साह और शौर्य का प्रदर्शन कर नारी शक्ति का संदेश दिया। नवरात्र में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब नौ संचलन निकाले जाएंगे। पहला संचलन अशोक नगर स्थित मालीखेडा पार्क से शुरू हुआ। झांसी की रानी प्रखंड के नेतृत्व में निकले संचलन में बालिकाएं पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ शामिल हुईं। संचलन विभिन्न मार्गों सिरकी मोहल्ला, मोची मार्केट, वीर सावरकर चौक होते हुए हरिसेवा धाम पहुंचा। जगह-जगह बस्तीवासियों ने पुष्पवर्षा कर बालिकाओं का स्वागत किया। इसके बाद संचलन वीर सावरकर चौक, शाम की सब्जी मंडी और मोची मार्केट होते हुए हरिसेवा धाम पहुंचा। घोष वादन से वातावरण उत्साहपूर्ण हो उठा। बालिकाओं ने आत्मरक्षा, साहस, संगठन और आत्मविश्वास का संदेश देते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उनके अनुशासित कदमों और सामूहिक सहभागिता ने नारी शक्ति के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। हरिसेवा धाम में महामंडलेश्वर हंसराम जी उदासीन महाराज ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, आत्मसम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा नारी सशक्तिकरण को मजबूत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सजग रहने के साथ लव जिहाद जैसी चिंताओं से सतर्क रहने की बात भी कही। महाराज ने बालिकाओं से साहस, संस्कार और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारियों में जुटेंः पासवान

पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस की चुनावी रणनीति पर मंथन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) के तत्वावधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में पंचायतीराज चुनाव 2026 की तैयारियों एवं चुनावी रणनीति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआईसीसी सचिव एवं राजस्थान सह-प्रभारी पूनम पासवान, पंचायतीराज चुनाव ऑब्जर्वर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रघु शर्मा, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष (देहात) पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने संबोधित किया।

प्रदेश सह प्रभारी पूनम पासवान ने पंचायतीराज चुनावों को लेकर संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आपसी समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कांग्रेसजनों से एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पर्यवेक्षक डॉ. रघु शर्मा ने पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों, पंचायत समिति एवं जिला परिषद स्तर पर संगठन की भूमिका तथा चुनावी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। पूर्व मंत्री श्रीमती नसीम अख्तर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण को संगठन की ताकत बताया। उन्होंने आगामी पंचायतीराज चुनावों में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी तालमेल के साथ सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष (देहात) रामलाल जाट ने कहा कि पंचायतीराज चुनाव संगठन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कांग्रेसजनों से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक संगठन को मजबूत बनाने, आमजन से संवाद स्थापित करने तथा एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य पदों के चुनाव, संभावित प्रत्याशियों के संबंध में विचार-विमर्श, संगठनात्मक समन्वय तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में सह प्रभारी कैलाश झालीवाल, पीसीसी सचिव अर्चना सुराणा, पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश व्यास, पूर्व जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, विधायक प्रत्याक्षी राजेंद्र त्रिवेदी, विधायक प्रत्याक्षी नरेंद्र रेगर, विधायक प्रत्याक्षी ओम नरानीवाल, वंदना माथुर, मधु जाजू, महेश सोनी, पीसीसी सचिव विभा माथुर, पीसीसी सचिव शंकर लाल गाडरी, सुशीला सालवी, चेतन डिडवानिया, चेतन पेसवानी, रमेश सेन, प्रकाश जाट, अविचल व्यास, लाखाराम गुर्जर, रामदेव खारोल, राधेश्याम भड़ाना, हेमेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण डिडवानिया, लखन काकानी एवं श्याम लाल गुर्जर सहित अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों एवं विभागों के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी तथा पंचायतीराज के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिवाजी पार्क में बड़े हादसे का इंतजार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





भीलवाड़ा के सबसे प्रसिद्ध शिवाजी पार्क में बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। यहाँ बच्चों की फिसल पट्टी के अंदर लगी सुरक्षा जालियां पूरी तरह टूटी हुई हैं। जरा सी चूक से कोई भी छोटा बच्चा ऊपर से नीचे गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। रोज सैकड़ों बच्चे अपने परिवार के साथ यहाँ आते हैं, लेकिन नगर विकास न्यास का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। क्या प्रशासन किसी बच्चे के मरने का इंतजार कर रहा है? क्षेत्रवासियों ने नगर विकास न्यास से इसको जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है। ताकि कोई अनहोनी न हो।

रेलवे फाटक मरम्मत कार्य के चलते आज से 4 दिन बंद

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल के भीलवाड़ा में रेलवे स्टेशन के पास किमी. 132/0-1 पर स्थित फाटक संख्या-68 एसपीएल पर आवश्यक रेल मरम्मत कार्य आज से शुरू हो गया है। इस कारण यह फाटक आज से बंद कर दिया गया। यह फाटक 15 अक्टूबर तक बंद रहेगा। रेलवे ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए वे आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग के रूप में भीलवाड़ा पुलिया संख्या 161 ए अथवा 161 बी रामधाम पुलिया का उपयोग करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर 16 से रात 8 बजे तक ही खुलेंगे

भीलवाड़ा। उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल द्वारा मंडल के भीलवाड़ा सहित तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर संचालित आरक्षण काउंटरों (पीआरएस) के कार्य समय में परिवर्तन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव के अनुसार अजमेर, भीलवाड़ा, उदयपुर सिटी और आबूरोड स्टेशनों पर वर्तमान में रात्रि 10 बजे तक संचालित होने वाले एक-एक आरक्षण काउंटर का समय 16 अक्टूबर से परिवर्तित कर रात्रि 8 बजे तक कर दिया जाएगा। मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक, अजमेर ने बताया कि रेल यात्री आरक्षण केंद्र पर आने से पूर्व बदले हुए समय का ध्यान रखें।

चिंताहरण महादेव मंदिर में अखंड ज्योत स्थापित

महापौर व उप महापौर का सम्मान

भीलवाड़ा। शहर के चिंताहरण महादेव मंदिर में नगर निगम महापौर, उप महापौर व पार्षद का सम्मान किया गया। महापौर जसवंत कंवर को शाल एवं माल्यार्पण कर सरोज दाधीच, पार्वती सोडाणी, निर्मला पारीक, निर्मला पारीक, रेनू जैन, अनिता टेलर, नीलूभट्ट आदि ने अभिनंदन किया। उपमहापौर राधेश्याम सोमानी का राजेंद्र पारीक, लादू लाल पारीक एवं दीनदयाल जोशी, कैलाश नंदावत ने पगड़ी पहनाई। वार्ड नंबर 58 के पार्षद सुभाष सोनी का अभिनंदन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, ललित तिवारी एवं गोवर्धन चोटिया ने किया। इस अवसर पर मंदिर में अखंड ज्योति की स्थापना की गई। महापौर जसवंत कंवर ने कहा कि भीलवाड़ा के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। उपमहापौर सोमानी ने कहा कि भीलवाड़ा के विकास की इस पारी को दृढ़ संकल्पित हो साथ खेलेंगे। श्री चिन्ता हरण महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा ने पार्क निर्माण, पानी की टंकी सहित विभिन्न समस्याएं बताई। महापौर ने समाधान का आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष डीके दाधीच ने आभार जताया।

कोली समाज ने छात्रावास के लिए मांगी जमीन, प्रतिभाओं का सम्मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

कोली समाज विकास ट्रस्ट भीलवाड़ा के तत्वावधान में मां जोगणिया धाम, कुंवारा रोड स्थित जोगणिया माता परिसर में नवरात्र के पावन पर्व पर मां गदगुली जोगणिया माता सहित अन्य देवी-देवताओं की विधिवत घट स्थापना की गई। इस अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्रावास हेतु भूमि आवंटन की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।

ट्रस्ट सचिव मुरलीधर लोरवाड़िया ने बताया कि समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, महापौर जसवंत कंवर, पार्षद रमेश चंद्र कोली, शंकरलाल जाट, गोपाल कीर, पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह, भगत सेन तथा भाजपा कार्यकर्ता जगदीश डिडवानिया एवं प्रकाश डिडवानिया सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया। समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश सुनारिया ने समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने तथा भावी पीढ़ी को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सांसद दामोदर अग्रवाल एवं महापौर जसवंत कंवर के समक्ष मां जोगणिया माता मंदिर के पास नगर निगम की पड़त भूमि को कोली समाज छात्रावास के लिए आवंटित करने की मांग रखी।

महापौर जसवंत कंवर ने निगम बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लाकर भूमि आवंटन की दिशा में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। सांसद दामोदर अग्रवाल के समक्ष बढ़लेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पुस्तकालय एवं लाइब्रेरी के निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। सांसद ने शीघ्र प्रयास करने की बात कही। मां जोगणिया माता परिसर में भामाशाहों के सहयोग से लगभग छह लाख रुपये की लागत से निर्मित शौचालय एवं स्नानघर जैसी जनसुविधाओं का उद्घाटन महापौर जसवंत कंवर द्वारा किया गया। इन सुविधाओं से मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालूलाल, भैरूलाल, चुन्नीलाल, भागीरथ, डालचंद, लक्ष्मण, रणजीत, सेवंतीलाल, मोतीलाल, किशन, देवीलाल, राकेश, नरेंद्र, झलकारी बाई महिला मंडल की ओर से अंजना, अंतिमा, जानकी, मधु, पूजा, राजेश्वरी, दुर्गा, अजय, संगीता, सुनीता, डोली, मुक्तेश्वरी एवं निर्मला आदि उपस्थित रहे।

गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीजी की सवारी, हुमड़ समाज गौरव से अलंकृत

आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर का वार्षिक कलशाभिषेक महोत्सव

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

आरके कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर का वार्षिक कलशाभिषेक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मंत्रोच्चार के बीच भगवान का अभिषेक हुआ। समाज के तपस्वियों, वर्षभर नियमित अभिषेक करने वाले बालकों, मेधावी छात्र-छात्राओं तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

महोत्सव की शुरुआत शोभायात्रा से हुई। श्रीजी की प्रतिमा को ढोल-नगाड़ों की मंगल ध्वनि के बीच मंदिर से तरणताल परिसर में बने पांडाल में महेंद्र, विपिन व रागांश सेठी ने विराजमान किया। विधिकारकों के सानिध्य में मुख्य कलशाभिषेक ओमचंद अजय बाकलीवाल तथा मनोरमा शाह-आयुष शाह परिवार द्वारा संपन्न किया गया। पूजन व अभिषेक अनुष्ठान के बाद भगवान को पुनः मंदिर की वेदी में विराजमान करने का सौभाग्य राजेंद्र सेठी को प्राप्त हुआ।

समारोह में सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले सुभाष हुमड़ (पंचोली) को समाज गौरव अलंकरण से नवाजा गया। हुमड़ को पगड़ी, शॉल व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। अध्यक्ष नरेश गोधा ने एक वर्ष में मंदिर एवं समाज हित में कराए गए विकास कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आगामी वर्षों की कार्ययोजना का खाका रखा। कार्यक्रम में 3, 5 और 10 उपवास की साधना करने वाले तपस्वियों की अनुमोदना की गई। आठ वर्ष से अधिक आयु के उन बालकों का भी विशेष सम्मान हुआ जो सालभर नियमित रूप से मंदिर आकर अभिषेक में भाग लेते रहे। मंच संचालन दीप्ति अजमेरा, दिलीप अजमेरा, महेंद्र सेठी तथा सुरेश गदिया ने संयुक्त रूप से किया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता क्विज आयोजित, गुप्ता का सम्मान

भीलवाड़ा। अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत की जिला शाखा द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में स्व.मृणाल राठी स्मृति-सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। डॉ. अशोक सोडाणी ने बताया कि लगभग प्रत्येक 3 मिनट में एक व्यक्ति की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो रही है यानी कि 450 से अधिक लोगों की रोजाना सड़क दुघर्टनाओं के कारण मृत्यु हो रही है जो बहुत भयावह स्थिति है। प्रतियोगिता संयोजक इन्दिरा सोमानी ने विधार्थियों को सड़क दुघर्टनाओं व सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे और सही जवाब देने वाले विधार्थियों को उसी समय पुरस्कृत किया। क्लब के जिला शिक्षा सचिव डॉ भाग चन्द सोमानी ने बताया कि स्कूल के प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता को वर्ष पर्यन्त बच्चों को सड़क दुघर्टनाओं के प्रति जागरूक करने हेतु स्व.मृणाल राठी स्मृति-राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा रत्न सम्मान क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी, पूर्व जिलाध्यक्ष कान्ता बी एल मेलाणा, भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष सुनील जागेटिया, जिला धर्म प्रचार प्रसार सचिव सुमन बाहेती एवं जिला शिक्षा सचिव इन्दिरा सोमानी ने भेंट किया। आभार वरिष्ठ शिक्षक मुकेश दरगड़ ने जताया।

गौ सम्मान आह्वान अभियान की बैठक कल हरिसेवा धाम में

भीलवाड़ा। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण के तहत 13 अक्टूबर को प्रातः 9 से 11 बजे तक हरिसेवा धाम उदासीन आश्रम, रोडवेज बस स्टैंड के सामने गौ भक्तों की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला प्रभारी संत लालजी महाराज ने एवं संभाग प्रभारी नन्द किशोर साहू ने बताया कि बैठक में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा गोहितैषी कानून बनाने की मांग को लेकर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। महामंडलेश्वर, संतों, ग्वाल संत श्री गोपालानंद सरस्वती जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त होगा। अभियान के जिला समन्वयक सुनील जागेटिया तथा विधायक अशोक कुमार कोठारी भी रहेंगे। जिला प्रभारी जगदीश तेली ने बताया कि अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत 17 दिसंबर 2026 को जयपुर में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने एवं गोहितैषी कानून बनाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में जिले की सभी तहसीलों के गौ भक्तों की सहभागिता सुनिश्चित करने, अभियान की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने तथा जयपुर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने जिले के समस्त गौ भक्तों से निर्धारित समय पर हरिसेवा धाम पहुंचकर बैठक में भाग लेने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

लोकतंत्र में विरोध प्रदशन का अधिकार है लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य है कि नियम कायदे तोड़ नहीं जाये। अन्यथा विवाद तय है। **शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता**

दैनिक लोकजीवन

सीजेपी, दिल्ली गर्म, गिरफ्तारियां

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर दिल्ली पुलिस ने सजेपी को प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी। क्योंकि दस दिन पहले अनुमति लेने की व्यवस्था है लेकिन सीजेपी ने मानो सूचना दी कि शनिवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। दिल्ली प्रशासन ने प्रदर्शन को रोकने के सभी एतियाती उपाय करते हुए नेट बंद कर दिया, सभी मेट्रो स्टेशनों को बंद करने के साथ ही दिल्ली पहुंचने वाली कई रेल गाडियों को रद्द कर दिया गया। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ 10 अक्टूबर को होने वाली विरोध प्रदर्शन से पहले दिल्ली में मेट्रो स्टेशन पूरी तरह बंद नहीं किये जायेंगे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जितनी जरूरत हो उतनी ही रोक लगाई जाय। मक्खी मारने के लिए हथौड़ा क्यों निकाला जाय। कोर्ट ने कहा कि सेवाओं को पूरी तरह बंद कर देना नागरिकों के अधिकारों को प्रभावित करते है जो भी फैसला करें पूरी तरह प्रचारित करें। क्योंकि यह कानून व्यवस्था से जुड़ा हो सकता है लेकिन पूरी तरह से बंद करना चिंता की बात है कानून व्यवस्था व आमजन की सुविधाओं के बीच संतुलन बनाये रखा जाय।

राजधानी में हर जगह बेरिकेटिंग, सुरक्षा कर्मी व उनकी गाडियां और जगह-जगह नारे लगाते युवा न कनाट प्लेस पर कोई दुकान खली, न इंटरनेट चला, न ही, मेट्रो स्टेशन आबाद रहे। 50 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनात से प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर तो नहीं पहुंच पाये। उन्होंने पूरे लुटियन जोन में जगह-जगह प्रदर्शन किया नारे लगाये। पुलिस ने विरोध व धक्का-मुक्की के बीच करीब 7 हजार युवाओं को हिरासत में लिया। जिन्हें बाद में रिहा भी करते रहे। सीजेपी संयोजक दिपके सह संयोजक सौरव दास व आशुतोष रांका, आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल, पं. बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, केरल के पूर्व सीएम पी. विजयन, योगेन्द्र यादव सहित प्रमुख नेताओं को हिरासत में लिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीजेपी के आंदोलन को खुला समर्थन देते हुए उनसे आंदोलन जारी रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम उनके साथ खड़े है और किसी भी हाल में पीछे हटने वाले नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आंदोलनकारी राजधानी की आम जनता के हितों को भी ध्यान में रखे। क्योंकि आमजन आंदोलन से परेशान व रूका हुआ है।

कड़वी घूंट -सूरज

मक्खी मारने को हथौड़ क्यों ...

परिस्थिति जन्य जरूरत के अनुरूप कदम उठाया जाना चाहिए लेकिन यह पले से अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि आंदोलन करने वालों की कितनी संख्या होगी किन क्षेत्रों को निशाना बनायेंगे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन होगा या हिंसक हो सकता है। तब उससे निपटने के लिए तैयारी भी करनी होती है।

विपरित इसके कई बार लगता है कि प्रदर्शन करने वाले भले ही संख्या में कितने हो, लेकिन उन्हें समर्थन देने वाले भी सड़क पर उतरेंगे। विपक्षी दल ऐसा मौका क्यों छोड़ना चाहेंगे कि बड़े विरोध में उनकी हिस्सेदारी न हो। उन्हें तो समर्थन के नाम पर अपनी उपस्थिति भी दर्ज करानी है। लेकिन ऐसे प्रदर्शन को क्यों अधिक महत्व दिया जाय।

हां सीजेपी के निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को विपक्षी नेता समर्थन देकर बढ़ावा दे रहे हो। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शन रोकने की तैयारियों पर कहा कि मक्खी को मारने के लिए हथौड़ा क्यों उठाया जाए। मक्खी तो हथेली भर से ही मर जाने वाली है। तब क्यों उसके लिए हथौड़ा उठाये। अब यह आप जानो कि कॉकरोच भी उतना बड़ा नहीं कि सरकार उसे महत्व दे लेकिन कॉकरोच पार्टी सरकार के लिए सिर दर्द तो बन ही गई। फिर इसे मक्खी भी कैसे माने।

अब गांव नहीं छोड़ेंगे युवा, 25 लाख पट्टे, 10 लाख नौकरियों का वादा, पंचायत चुनाव में भाजपा ने खेला मास्टरकार्ड

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

राजस्थान पंचायती राज चुनावों का बिगुल बजते ही भारतीय जनता पार्टी ने अपना चुनावी मास्टरकार्ड खेल दिया है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठो? ने 'ग्राम विकास संकल्प-पत्र' जारी करते हुए गांवों के लिए वादों का महा-पिटारा खोल दिया है। 25 लाख पट्टों के वितरण से लेकर हर ग्राम पंचायत में 5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के ऐतिहासिक ऐलान ने ग्रामीण राजस्थान का सियासी पारा चढ़ा दिया है।

शहरों जैसी सुविधाएं अब गांवों में, पलायन रोकने पर जोर

संकल्प-पत्र जारी करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ किया कि यह केवल चुनावी वादों की सूची नहीं, बल्कि ग्रामीण राजस्थान के कायाकल्प का पूरा रोडमैप है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गांवों में ही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, इंटरनेट और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि युवाओं को बेहतर अवसरों की तलाश में अपना गांव न छोड़ना पड़े।

संकल्प-पत्र के 10 बड़े और मुख्य वादे

- **हर पंचायत में 5 करोड़ का काम:** राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 5-5 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जाएंगे।
- **25 लाख स्वामित्व कार्ड व पट्टे:** ग्रामीणों को जमीन का मालिकाना हक देने के लिए 25 लाख पट्टे बांटे जाएंगे।
- **10 लाख नौकरियों का बड़ा दांव:** युवाओं के लिए सरकारी व निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार और बड़े उद्योगों के जरिए 10 से 25 लाख अप्रत्यक्ष अवसर सृजित करने का वादा।
- **अटल ज्ञान केंद्र व ओपन जिम:** 1,000 से अधिक आबादी वाले गांवों में पार्क व ओपन जिम बनेंगे। प्रत्येक पंचायत में अटल ज्ञान केंद्र और सीनियर सेकेंडरी स्कूल खोले जाएंगे।
- **गेहूं 2700 रुपये में और दिन में बिजली:** किसानों को सिंचाई के लिए दिन के समय बिजली और 2,700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद का भरोसा दिया गया है।
- **पीएम-किसान सम्मान निधि:** किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 12,000 रुपये सालाना करने और 500 करोड़ से एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर मिशन शुरू करने का संकल्प।
- **बड़ी सिंचाई परियोजनाएं:** 91,000 करोड़ रुपये की **%राम जल सेतु लिंक परियोजना%** और 34,102 करोड़ की यमुना परियोजना को पूरा किया जाएगा।
- **कनेक्टिविटी और डेयरी:** 19,000 किमी मिसिंग लिंक सड़कें बनेंगी और 20,000 नई डेयरी सहकारी समितियां गठित होंगी।
- **मिशन पिंक टॉयलेट:** सरकारी स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए नए स्मार्ट शौचालय बनेंगे।
- **पर्यावरण व संस्कृति:** खेजड़ी के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने और हर गांव का प्रामाणिक इतिहास संकलित करने का संकल्प।

माहेश्वरी बालक छात्रावास संस्थान के सोमानी अध्यक्ष, दरगड़ सचिव

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

माहेश्वरी बालक छात्रावास संस्थान को नई दिशा देने और विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करने के संकल्प के साथ नवीन कार्यकारिणी ने जिम्मेदारी संभाली। सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी में चांदमल सोमानी को अध्यक्ष चुना गया।

शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संस्थान के विकास, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और समाज के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष चांदमल सोमानी के साथ ही कैलाश चंद्र दरगड़ को सचिव तथा राधेश्याम चेचानी (छोटी पुलिया) को कोषाध्यक्ष, महावीर सोनी (आगूचा) को उपाध्यक्ष और रामस्वरूप राठी को सह सचिव, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री को संरक्षक बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कैलाश चंद्र काबरा, सुरेश चंद्र मंत्री, अरविंद चेचानी, राजेंद्र राठी एवं मधुसूदन नोलखा शामिल किए गए। इस अवसर पर रामकुमार जागेटिया, बद्रीनारायण लढ़ा, महेश चंद्र माहेश्वरी, गोपाल पोरवाल, अनूपचंद भंडारी, बालकिशन कहाल्या, जगदीश सोमानी (बरूंदनी), आशीष झंवर, ब्रजमोहन सोमानी एवं चुनाव अधिकारी घनश्याम कास्ट, मंजुला मंत्री, मंजुला चेचानी, राधा सोमानी, सुमित्रा दरगड़ एवं रेखा हिंगड़ आदि उपस्थित रहे।

पद्मिनी क्लब ने गरबा रास का किया आयोजन डांडिया की ताल पर झूमीं महिलाएं

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पद्मिनी क्लब की ओर से नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य गरबा व डांडिया रास कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। पूर्व सभापति मधु जाजू के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर गरबा रास का आनंद लिया। समारोह के दौरान भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। मां दुर्गा की आराधना और आरती के साथ शुरू हुए इस आयोजन में क्लब की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। डांडिया की सुरीली ताल और पारंपरिक गरबा गीतों पर महिलाओं के थिरकते कदमों ने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पद्मिनी क्लब की अध्यक्ष सीमा सोमानी, कल्पना माहेश्वरी, प्रीति जैन, छाया कोठारी, रीना गुप्ता, ममता सेठी, पदमा जैन, सुनीता पीपाड़ा और सुमन जैन सहित कई पदाधिकारियों व सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने एक-दूसरे को नवरात्रि पर्व की बधाई दी और समाज में आपसी भाईचारे व नारी शक्ति की एकजुटता का संदेश दिया। अंत में मां भगवती की महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

पुर में राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, पुर

विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट सेविका समिति भीलवाड़ा विभाग के पुर खंड की ओर से भव्य विजयादशमी उत्सव और पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अनुशासनबद्ध संचलन में 165 सेविकाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्य म का आरंभ शस्त्र पूजन के साथ हुआ, जिसमें पारंपरिक विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा कर विजयादशमी का पर्व मनाया गया। संचलन के दौरान दो घोष गण, जीप चलाती सेविकाओं और नन्ही बालिकाओं के अनुशासित कदमताल ने कस्बेवासियों का मन मोह लिया। गणवेश में सुसज्जित होकर कदमताल करती छोटी बालिकाओं की उपस्थिति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। कस्बे के विभिन्न मार्गों से जब यह संचलन गुजरा, तो जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा और भारत माता के जयघोष के साथ सेविकाओं का स्वागत किया।

रास्तों में बनाई गई सुंदर रंगोलियों ने इस आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा दिए। कार्य म में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका कमला देवी उपस्थित रहीं। अखिल भारतीय घोष प्रमुख पंकजा दीदी का विशेष सान्निध्य और बौद्धिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके अलावा चित्तौड़ प्रांत कार्यवाहिका रीना शुक्ला, पुर खंड कार्यवाहिका सोनिया भारद्वाज, भीलवाड़ा ग्रामीण जिला कार्यवाहिका जनशू खारोल और विभाग सह कार्यवाहिका सुशीला जाट सहित अनेक प्रांतीय एवं विभागीय कार्यकर्ता उपस्थित थीं। बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय घोष प्रमुख पंकजा दीदी ने राष्ट्र सेविका समिति की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, वंदनीय मौसीजी के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक राष्ट्र के निर्माण तक में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। नारी शक्ति को अष्टभुजा देवी का स्वरूप बताते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं में असीम सामर्थ्य, साहस और समाज को सही दिशा देने की अद्भुत क्षमता है। पंकजा दीदी ने समिति के तीन प्रमुख आदर्शों–मातृत्व, नेतृत्व और कर्तृत्व की व्याख्या करते हुए सामाजिक जीवन में महिलाओं की स य भूमिका को स्पष्ट किया। उन्होंने सभी सेविकाओं से समाजहित को सर्वोपरि रखने, समर्पण भाव से कार्य करने और राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। अंत में, ध्वज के प्रति अटूट श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के पवित्र संकल्प के साथ कार्य म सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शारदीय नवरात्रा में झांकियां बनी आकर्षण का केन्द्र

गंगापुर। नगर सहित क्षेत्र में शारदीय नवरात्रा पर विभिन्न आयोजन हो रहे है। नवरात्रा को लेकर नगर के भूत बावजी मंदिर व पंचतीर्थ बालाजी मंदिर पर प्रतिदिन पौराणिक, धार्मिक व देशभक्ति पर आधारित आकर्षक झांकियों का आयोजन किया जा रहा है। नर्सिंग चोक, पूराना चिकित्सालय प्रांगण, मूंदड़ा मौहल्ला,रेगर मौहल्ला सहित प्रमुख स्थानों पर गरबा नृत्य की धूम मची हुई है। झांकियां देखने के लिए नगर सहित आस पास के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं वहीं प्रमुख शक्ति पीठ भरका देवी माता मंदिर,चावंडा माता, झांतला माता सहित अन्य शक्ति पीठों पर धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीडवानिया का किया सम्मान

बेगूं। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह कस्बे में आयोजित किया गया। समारोह में अपरिहार्य कारणों से नगरपालिका अध्यक्ष के उपस्थित न हो पाने पर उनके अधिकृत प्रतिनिधि सत्यनारायण डीडवानिया का समाजजनों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रबुद्धजनों ने क्षेत्र के विकास, सामुदायिक सुविधाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विषयों से जुड़ी मांगें उनके समक्ष रखीं। अपने ओजस्वी एवं संवेदनशीलता से पूर्ण संबोधन में प्रतिनिधि डीडवानिया ने समाज द्वारा प्रस्तुत मांगों व सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन सार्वजनिक समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान हेतु सकारात्मक पहल करते हुए प्रशासनिक स्तर पर प्राथमिकता से कार्य कराए जाएंगे।

पंचायत राज चुनाव व त्योहारों के लिए सुरक्षा चाक-चौबंद, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

गंगापुर। पंचायत राज चुनाव 2026 चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने उपखण्ड क्षेत्र के सहाड़ा व पोटलां में फ्लैग मार्च निकालकर कानून व्यवस्था को लेकर अपनी मुस्तैदी का संदेश दिया द्य उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुद्धराज टांक, पुलिस उपाधीक्षक सुदर्शन पालीवाल,प्रशिक्षु आरएएस कुलदीप कुमावत एवं रजनिश भाकर,थाना प्रभारी पुरणमल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने आमजन को शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का संदेश दिया। एसडीएम विवेक गुर्जर ने बताया कि पंचायत राज चुनावी दौर और त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है । फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने असामाजिक तत्वों व समाज कंटकों को स्पष्ट संकेत दिया है कि चुनाव और त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन व पुलिस का यह फ्लैग मार्च आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने में मददगार साबित होगा।

जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता 19 अक्टूबर को

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला नेटबॉल संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग की सब जूनियर जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता 19 अक्टूबर को शाम 4 बजे अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुंवाड़ा खान रोड भीलवाड़ा पर आयोजित की जाएगी। संघ की अध्यक्ष मोना रामपाल शर्मा ने बताया कि भीलवाड़ा जिले से चयनित खिलाड़ी 23 से 25 अक्टूबर तक 9 वीं राज्य स्तरीय जूनियर सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता पलसानिया सीकर में भाग लेंगे। सभी खिलाड़ी अपने आधार कार्ड व नगर निगम का प्रमाण पत्र की फोटो प्रतिलिपि साथ में लाएं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा
क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/4488

-: आम सूचना :-

एतदद्वारा श्री दिनेश गाडरी पुत्र श्री नारायण लाल गाडरी राजस्व ग्राम आटूण की आराजी 217 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 15 साईज 29x40=128.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्री राजेन्द्र कुमार भदादा पुत्र श्री प्रहलाद राय भदादा को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्रीमती अभिलाषा सुवालका पत्नी श्री नितिन कुमार सुवालका द्वारा नामान्तरण चाहा है।

श्रीमती अभिलाषा सुवालका पत्नी श्री नितिन कुमार सुवालका द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)
क्रमांक/न.नि.भी./राजस्व/2026/41 दिनांक : 12/10/2026

-: आम सूचना :-

श्री प्रेम शंकर शर्मा पुत्र श्री मुरली मनोहर शर्मा को राजस्थान आवासन मण्डल भीलवाड़ा द्वारा बापू नगर योजना भीलवाड़ा में स्थित आवासीय आवासगृह सं. 3-त-25 साईज 7.55 मीटर बाई 15 मीटर = 113.96 वर्गमीटर का 99 वर्षीय लीज होल्ड राईटस् पर दिया गया था। श्री प्रेम शंकर शर्मा पुत्र श्री मुरली मनोहर शर्मा की मृत्यु दिनांक 09.05.2010 को हो जाने से इनके विधिक वारिसानों द्वारा पंजीकृत रिलीज डीड कर श्रीमती अंजू त्रिपाठी पुत्री स्व. श्री प्रेम शंकर शर्मा व श्री अमित कुमार शर्मा, श्री सुमित कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री प्रेम शंकर शर्मा ने श्रीमती दर्शना शर्मा पत्नी स्व. श्री प्रेम शंकर शर्मा को पंजीकृत हक परित्याग किया गया। LSG/BHILWARA/MUT/2026-27/209274 से ऑनलाईन आवेदन किया गया।

श्रीमती दर्शना शर्मा पत्नी स्व. श्री प्रेम शंकर शर्मा ने निगम् में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पंजीकृत रिलीज डीड फोटो प्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसुचना क्रमांकःप. 8 (ग) (1) नियम/डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 के अनुसार भुखण्ड का नामान्तरण किया जाना है। अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत रिलीज डीड आधार पर श्रीमती दर्शना शर्मा पत्नी स्व. श्री प्रेम शंकर शर्मा के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी(राजस्व)
नगर निगम, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा
क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/4211

आम सूचना

एतदद्वारा श्रीमती कुसुम देवी पत्नी श्री चरण सिंह राजपूत राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 2971 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 21 व 22 साईज 266.66 वर्गगज का पट्टा विलेख उपखण्ड़ अधिकारी (भू.रू.) द्वारा जारी किया गया था।

भूखण्डधारी श्रीमती कुसुम देवी की मृत्यू हो जाने से न्यास पटवारी रिपोर्ट अनुसार उनके विधिक वारिसान चरण सिंह (पति फौत), अनिल सिंह जादोन (पुत्र), द्वारा श्री राजेश कुमार पुत्र स्व. श्री चरण सिंह राजपूत जरिये रजिस्टर्ड रिलीज डीड द्वारा नामान्तरण चाहा हैं।

श्री राजेश कुमार पुत्र स्व. श्री चरण सिंह राजपूत के द्वारा जरिये सबडिविजन-उपविभाजन द्वारा उक्त भूखण्ड में से भूखण्ड़ संख्या 21 साईज 111.48 वर्गमीटर के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा
क्रमांक / भू. शा. द्वितीय/ 2026/mut-4394 दिनांकः 10.10.2026

सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा श्रीमती सुगन देवी पत्नी स्व. श्री कल्याण सिंह के नाम तिलक नगर योजना में भूखण्ड संख्या 4-H-38 साईज 25X49=136.11 वर्गगज को लॉटरी/नीलामी/अवाप्त भूमि के बदले आवंटन / नीलामी द्वारा विक्रय किया गया।

भूखण्डधारी श्रीमती सुगन देवी पत्नी स्व. श्री कल्याण सिंह की संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार, मृत्यु दिनांक 27.08.2005 को हो जाने से वारिसान शपथ पत्र एंव न्यास पटवारी, पटवार हल्का हमीरगढ़ की वारिसान मौका पर्चा रिपोर्ट अनुसार श्रीमती सुगन देवी पत्नी स्व. श्री कल्याण सिंह के निम्न जायन्दा वारिस है। 1. नारायण सिंह (पुत्र), 2. मथुरा (पुत्री) 3. फूलकंवर (पुत्री) है।

इस प्रकार उक्त वारिसानो में से वारीसान 1. मथुरा (पुत्री) 2. फूलकंवर (पुत्री) के द्वारा उक्त भूखण्ड में निहित अपने हक हिस्से को श्री नारायण सिंह पुत्र श्री श्री कल्याण सिंह के हिस्से में पंजीकृत रिलीज डीड दिनांक 27.07.2026 को कर दिया गया।

इस प्रकार समस्त वारिसानों श्री नारायण सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह के द्वारा विधिक वारिसान के आधार पर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण करवाने बाबत आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी एवं कोई उजर मान्य नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा
क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/4212

:- आम सूचना -:

एतदद्वारा श्रीमती कुसुम देवी पत्नी श्री चरण सिंह राजपूत राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 2971 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 21 व 22 साईज 266.66 वर्गगज का पट्टा विलेख उपखण्ड़ अधिकारी (भू.रू.) द्वारा जारी किया गया था।

भूखण्डधारी श्रीमती कुसुम देवी की मृत्यू हो जाने से न्यास पटवारी रिपोर्ट अनुसार उनके विधिक वारिसान चरण सिंह (पति फौत), अनिल सिंह जादोन (पुत्र), द्वारा श्री राजेश कुमार पुत्र स्व. श्री चरण सिंह राजपूत जरिये रजिस्टर्ड रिलीज डीड द्वारा नामान्तरण चाहा हैं। श्री राजेश कुमार पुत्र स्व. श्री चरण सिंह राजपूत के द्वारा जरिये सबडिविजन-उपविभाजन द्वारा उक्त भूखण्ड में से भूखण्ड़ संख्या 22 साईज 111.48 वर्गमीटर के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा
क्रमांकः नियमन / 2026/ दिनांक / /2026

सार्वजनिक उजरदारी

एतदद्वारा श्रीमती कमरून बानू पत्नी श्री गनी मोहम्मद मंसूरी द्वारा राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी संख्या 23X28 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 2 साईज 40X25=111.11 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा दिनांक 12.05.2014 को जारी किया गया।

भूखण्डधारी द्वारा पंजीयन करने हेतु निवेदन किया हैं। अतः उक्त भूखण्ड श्रीमती कमरून बानू पत्नी श्री गनी मोहम्मद मंसूरी के नाम पंजीयन करने हेतू सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी संख्या 2328 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 2 साईज 40X25=111.11 वर्गगज के पंजीयन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का पंजीयन आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेषाधिकारी (भूमि)
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

जन-जन की आस्था का केंद्र भरक माता

लोकजीवन न्यूज सर्विस, गंगापुर

गंगापुर। उपखंड के ग्राम पंचायत स्थित भरका माता मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। गंगापुर के भीलवाड़ा राजमार्ग पर स्थित लाखोला चौराहे से करीब 8 किलोमीटर दूर भरक ग्राम में भरका माता का मंदिर है । मेवाड़ क्षेत्र का यह शक्तिपीठ खासा मशहूर है। देश के कोने कोने से लोग यहां पर दर्शन को साल भर आते हैं। भारत माता अभ्रक खनन व्यवसायियों की ईष्ट देवी रही है। बताया जाता है कि हजारों वर्ष पूर्व राजा भरतहरी ने यहां पर कठोर तपस्या कर माता की मूर्ति की स्थापना की । यहां स्थित गुफा में पुराने जमाने में शेर रहा करते थे। माता की पहाड़ी के नीचे सैकड़ों ठठेरा परिवार निवास करते थे। ठठेरो के बर्तन बनाने की गुंज दूर दूर तक सुनाई देती थी। बताया जाता है कि चौरासी नौपत की आवाज एक साथ सुनाई देती थी! माता का भंडारा साल में एक बार खोला जाता है! पहाड़ी के निकट गोशाला है, जहां गायों की देखभाल की जा रही है! भरका देवी विकास समिति की ओर से मंदिर के विकास कार्यों में पूरा सहयोग किया जाता है! यह मंदिर विशेष संगमरमर से बनाया गया है ! पहले दर्शनार्थियों को 763 सीढियां चढ़कर जाना पड़ता था, अब मंदिर से कुछ कदम दूरी तक पक्की सडक बन गई है! वाहन सीधे मंदिर के निकट जा सकते हैं! 15 किलोमीटर दूरी से ही माता का दरबार दिखाई देता है।

विवेकानंद तरणताल के तैराकों ने जीते 11 पदक

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

हाल ही में संपन्न हुई 70वीं स्कूली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिताओं में स्वामी विवेकानंद तरणताल पर नियमित अभ्यास कर रहे तैराकों ने नया कीर्तिमान बनाते हुए 11 पदक जीते।

जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र भीलवाड़ा द्वारा संचालित तरणताल के 7 तैराकों ने इन प्रतियोगिताओं में कुल दो गोल्ड, चार सिल्वर एवं पांच ब्रोंज मेडल जीते। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग मैं वैभव माली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 एवं 200 मी बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक 4 म 100 मी मेडले रिले में रजत पदक एवं 50 मी बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। देवराज माली ने 4 म 100 मी मेडले रिले में रजत पदक जीता। इसी वर्ग में अवंतिका ओझा ने भी 4 म 100 मीटर मेडले रिले में रजत पदक जीता। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में शुभम गांछा ने 100 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक एवं 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता। इसी वर्ग में अदिति खोईवाल एवं प्रीति माली ने 4 म 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले में कांस्य पदक जीता। 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रियंका माली ने 4 म 100 मीटर मेडले रिले में कांस्य पदक जीता। वैभव माली एवं शुभम गांछा गोवा में होने वाली राष्ट्रीय एसजीएफआई प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम का तरणताल पर विवेकानंद खेल विकास संस्थान के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, सचिव राकेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष कमल सिंह राणावत, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, अब्बास अली कायमखानी, यमुना प्रसाद यादव, कार्यकारिणी के सदस्य सुरेंद्र सिंह राठौड़, मुकेश मित्तल, परवीन बानो, अर्चना यादव, तनिष्का राणावत ने स्वागत किया। संचालन कुणाल ओझा ने किया।

जीतो के माध्यम से जन-जन तक पहुंचे महावीर का संदेश- आचार्य पुलकसागर

जीतो अपेक्स चेयरमैन संजय डांगी का किया नागरिक अभिनंदन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राष्ट्र संत, मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज के पावन सानिध्य में शनिवार शाम शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में देश के शीर्ष 100 उद्यमियों में शामिल एवं जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) अपेक्स के नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय डांगी का नागरिक अभिनंदन समिति द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। जीतो अपेक्स के चेयरमैन पद का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार भीलवाड़ा पहुंचे संजय डांगी का हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर जीतो भीलवाड़ा चैप्टर और जैन समाज के प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया तथा 100 से अधिक वाहनों की विशाल कार रैली के साथ उन्हें सूर्यमहल तक लाया गया।

नागरिक अभिनंदन समारोह में आशीर्वाद प्रदान करते हुए आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि देश की कुल जनसंख्या में जैन समाज की हिस्सेदारी भले ही एक प्रतिशत से कम हो, लेकिन राष्ट्र के कर राजस्व में यह समाज 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान देकर देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आचार्यश्री ने कहा कि किस्मत बदलते समय नहीं लगता, जब शाहपुरा जैसी छोटी जगह से निकला व्यक्ति जैन समाज का गौरव बनता है तो अत्यंत प्रसन्नता होती है। उन्होंने आह्वान किया कि जीतो के माध्यम से भगवान महावीर का संदेश जन-जन तक पहुँचे और जैन समाज की पंथ-परंपरागत विविधताओं के बीच नवकार महामंत्र की गूंज के साथ एकता स्थापित हो। उन्होंने प्रत्येक जिनालय के समीप एक विद्यालय और चिकित्सालय की स्थापना का संदेश दिया तथा प्रथम तीर्थंकर भरत चक्रवर्ती की प्रतिमाएं स्थापित करने हेतु भीलवाड़ा महापौर से एक पार्क उनके नाम नामांकित करने का आग्रह किया। अभिनंदन से अभिभूत जीतो अपेक्स चेयरमैन संजय डांगी ने भावुक होकर कहा कि जिस माटी ने उन्हें चलना सिखाया और जो पहचान दी, उसके प्रति वे सदा ऋणी रहेंगे। उन्होंने इसे केवल एक पद न मानकर बड़ा उत्तरदायित्व बताया और कहा कि एआई के इस बदलते दौर में हमें समय से दस वर्ष आगे की सोच के साथ युवाओं की ऊर्जा और बुजुर्गों के अनुभव को जोड़ना होगा। डांगी ने जीतो के मुख्य लक्ष्यों–सेवा, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण–पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मेधावी छात्रों को एजुकेशन लोन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष पहल की जा रही है। उन्होंने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि जीतो केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि सर्वसमाज के साथ समन्वय बनाकर सभी के सामूहिक विकास के लिए कार्य करेगा।

समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल ने संजय डांगी के जीतो चेयरमैन बनने पर पूरे भीलवाड़ा का गौरव बढ़ना बताया। वरिष्ठ समाजसेवी महावीरसिंह चौधरी, विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर जसवंत कंवर एवं उप महापौर राधेश्याम सोमानी सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने डांगी का अभिनंदन किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर जसवंतकंवर ओर उप महापौर राधेश्याम सोमानी भी उपस्थित थे। समारोह के प्रारंभ में संजय डांगी का स्वागत करने वालों में नागरिक अभिनंदन समिति के महावीरसिंह चौधरी, तिलोकचंद छाबड़ा, प्रवीण चौधरी, एसएन मोदानी, दिनेश नौलखा, पवन खेमका, डॉ.सम्पतलाल जैन, बाबूलाल जाजू आदि शामिल थे। संजय डांगी ने परिवारजनों के साथ आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वागत उद्बोधन नागरिक अभिनंदन समिति में शामिल सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने दिया।

राजीनामें से लोक अदालत में निस्तारित हुए 2.47 लाख प्रकरण

40 करोड 47 लाख 28 हजार 723 रूपये की पारित की अवार्ड राशि

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया । उक्त लोक अदालत में सभी प्रकार के समझौता योग्य सभी प्रकृति के दीवानी, फौजदारी , पारिवारिक, एमएसीटी, चैक अनादरण श्रम, बैंक रिकवरी , उपभोक्ता व राजस्व के मामले रखे गये । आज भीलवाडा मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ पवन कुमार काला -अपर जिला एंव न्यायाधीश संख्या-03, नगेन्द्र सिंह - अपर जिला एंव न्यायाधीश संख्या-02, श्रीमती रश्मि आर्य -सचिव, जिला विधिक, श्रीमती देवागिंनी औदिच्य, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हर्षित हाडा , न्यायिक मजिस्ट्रेट एन आई संख्या-02 , एवं उम्मेद सिंह राठौड, बार अध्यक्ष भीलवाडा, शांति लाल जैन सदस्य लोक अदालत, राजेन्द्र कचौलिया,श्री पंकज दाधीच द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया ।

हादसे के बाद कोमा में गए परिवादी के परिजनों को मिला 86 लाख का अवार्ड

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संख्या 01 भीलवाड़ा में लंबित प्रकरण शोभालाल बनाम गो डिजिट जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड वगैरा में घटित दुर्घटना में आई चोटों के कारण प्राथी शोभालाल आहत होने से गंभीर चोटों के कारण कोमा में चले जाने के कारण परिवारजन ने क्लेम अधिकरण में पेश किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत की बेंच संख्या दो के अध्यक्ष न्यायाधीश श्री पवन कुमार काला व सदस्य श्री राजेश सामरियां के समक्ष प्रार्थी आहत के अधिवक्ता श्री श्रवण लाल कुम्हार व विपक्षी बीमा कंपनी के अधिवक्ता अंशुल बंसल ने उक्त प्रकरण में राशि 86,00,000/- रूपये अक्षरे छियासी लाख रूपये में राजीनामा कर अवार्ड पारित किया ।

प्राधिकरण के सचिव रश्मि आर्य ने बताया कि अभय जैन -जिला एंव सेशन न्यायाधीश महोदय के निर्देशन तथा उनके द्वारा दिए गये सुझावों एवं उत्साहवर्धन से 267103 प्रकरण लोक अदालत की भावना से निस्तारित हुए तथा 40 करोड 47 लाख 28 हजार 723 रूपये अवार्ड राशि पारित की गई। इसमें से प्री-लिटिगेशन के 247936 प्रकरणों का राजीनामा द्वारा निस्तारण किया । न्यायालयों में लंबित 23505 प्रकरण चिन्हित किये गये व 19167 प्रकरणों को निस्तारित किया गया 37 करो? 50 हजार 786 रूपये के अवार्ड पारित किये गये। पूरे जिले में लोक अदालत की 21 बैंचो के माध्यम से न्यायिक अधिकारीगण , राजस्व अधिकारीयों एव अनुभवी अधिवक्तागण ने समझाईश कर मामलों मे राजीनामें करवा कर पक्षकारान के मामलों को अंतिम रूप से फैसला करवाया गया । राष्ट्रीय लोक अदालत में 10 साल पूराने 16 प्रकरणों को राजीनामें से निस्तारण हुआ । प्री-लिटिगेशन मामलों में बैंक, बीएसएनएल ,बिजली के रिकवरी मामलो का भी लोक अदालत में मूल राशि से भी कम में राजीनामा करवा कर एसबीआई बैंक,बैंक ऑफ बडोदा, बीएसएनएल,बिजली, वित्तिय संस्थाओं एवं विपक्षी पक्ष को लाभ करवा कर मुकदमा पूर्व स्तर पर ही मामलो का निस्तारण किया । बिजली के बीलों में विद्युत विभाग द्वारा छुट व अन्य विभिन्न प्रकार की लाभ देके उपभोक्ता को राहत दी गई । प्राधिकरण के सचिव रश्मि आर्य ने राष्ट्रीय लोक अदालत को बनाने के लिए जिले के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला कलेक्टर, नोडल अधिकारी अति.जिला कलेक्टर प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, बार अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड मौजूद थे।

जैन समाज के आर्थिक सशक्तिकरण में जीतो निभा रहा अहम भूमिका - दक

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर, लेडिज विंग एवं यूथ विंग की नई टीम का पदस्थापन एवं शपथ ग्रहण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

सकल जैन समाज के प्रमुख संगठन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के भीलवाड़ा चैप्टर, लेडिज विंग एवं यूथ विंग की नवगठित कार्यकारिणी का पदस्थापन एवं शपथ ग्रहण समारोह ''समन्वय-2026'' रविवार को शहर के रीको क्षेत्र स्थित निजी रिसोर्ट में जीतो अपेक्स चेयरमैन संजय डांगी के मुख्य आतिथ्य एवं सहकारिता मंत्री गौतम दक के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह के जीतो के अपेक्स प्रेसीडेन्ट हिमांशु शाह ने जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के नवनिर्वाचित चेयरमैन डॉ. संपतलाल जैन, चीफ सैकेट्री अकिन चौधरी, जीतो लेडिज विंग की चेयरपर्सन नेहा नाहर चीफ सैकेट्री निकिता पाटौदी, यूथ विंग के चेयरपर्सन प्रतीक बुलिया, चीफ सैकेट्री अभि जैन एवं उनकी टीम के सदस्यों को शपथ दिलाते हुए सेवा, शिक्षा, समाज की प्रगति ओर आर्थिक सशक्तिकरण के मुख्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प कराया।

समारोह में मुख्य अतिथि जीतो चेयरमैन संजय डांगी ने कहा कि जीतो अब पूरी दुनिया में जैन धर्म की पहचान कराने वाला विशेष संगठन बन चुका है जो सेवा, शिक्षा ओर सामाजिक प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि जैन समाज की प्रगति में अन्तरराष्टीय स्तर पर कार्यरत जीतो अहम भूमिका निभा रहा है ओर जीतो समाज की प्रतिभाओं को प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य प्रोफेशन में आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत अच्छे प्रोजेक्ट संचालित कर रहा है। इस दौरान विधायक अशोक कोठारी, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजसेवी महावीरसिंह चौधरी ने भी सम्बोधित किया। समारोह में जीतो भीलवाड़ा चेप्टर की नई टीम को नगर निगम महापौर जसवंत कंवर, टीम जीतो अपेक्स एडवाइजरी बोर्ड के पृथ्वीराज कोठारी, सुखराज नाहर, अपेक्स वाइस प्रेसीडेन्ट महावीर लुणावत,जेएटीएफ प्रेसीडेन्ट उज्जवल पगारिया, अपेक्स डायरेक्टर निश्चल जैन, नितिन जैन, तिलोकचंद छाबड़ा, चेयरमैन डॉ. संपतलाल जैन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आभार जीतो निवर्तमान चीफ सैकेट्री मनीष शाह ने जताया।

संचालन नीतू ओस्तवाल ने किया। कार्यक्रम में चैप्टर के चेयरमैन डॉ. संपतलाल जैन, चीफ सैकेट्री अकिन चौधरी,वाइस चेयरमैन सुनील नाहर, निशान्त जैन, प्रकाश सुतरिया, पुष्पा गोखरू, सचिव प्रतीक कावड़िया, अर्पित चौधरी, ललित डोशी, राजेन्द्र बाबेल, कोषाध्यक्ष गिरिश ओस्तवाल, ज्वॉइन्ट कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र मेहता, अशोक सामर, डायरेक्टर अजय चौरड़िया, प्रतीक जैन, नीतू ओस्तवाल, अभिषेक खजांची, महेंद्र सोगानी, सिद्धार्थ गोखरू,जीतो लेडिज विंग चेयरपर्सन नेहा नाहर, चीफ सैकेट्री निकिता पाटौदी, कोषाध्यक्ष सोनल छाबड़ा, जीतो यूथ विंग चेयरमैन प्रतीक बुलिया, चीफ सैकेट्री अभि जैन, कोषाध्यक्ष संयम जैन, वाइस चेयरमैन अचल चौधरी, अंशुल सिंह, सचिव सुरभि चौपड़ा, दक्ष जैन, निकेत जैन, यश डांगी, विनय पगारिया, मुस्कान जैन पदस्थापन एवं शपथ ग्रहण समारोह में शपथ और पदभार ग्रहण किया।

बसीटा धोबी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यालय का किया शुभारंभ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

बसीटा धोबी समाज सेवा समिति द्वारा 24 जनवरी 2027 को आयोजित होने वाले तृतीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए रविवार को कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

नगर निगम की महापौर श्रीमती जसवंत कंवर, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी और अतिथियों ने संत गाडगे महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और मंगल धागा खोलकर कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पहले ही दिन मंदसौर, कोटा, अजमेर, अहमदाबाद और भीलवाड़ा से 8 जोड़ों का निशुल्क पंजीयन हुआ। मुख्य अतिथि महापौर जसवंत कंवर, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी, भूपेंद्र सिंह एवं पार्षदों का समाज की महिलाओं और पदाधिकारियों द्वारा अभिनंदन किया गया। सम्मेलन कमेटी अध्यक्ष रमेश चंद्र दायमा और कार्यकारी सदस्यों के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शाहपुरा, कोटड़ी, अजमेर, बिजोलिया और रायला सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों समाज बंधु और माता-बहनें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शंभू लाल दशलानिया ने किया।

मानस मंडल में नवान्ह पारायण का शुभारंभ

शाहपुरा। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर रामचरित मानस मंडल में रविवार को तुलसीकृत रामचरित मानस के नवान्ह पारायण पाठ का विधि-विधान से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य पूजा-अर्चना, आरती और वंदना के साथ हुई। इस दौरान मानस भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ प्रभु श्रीराम का स्मरण कर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। मानस मंडल के अध्यक्ष पंडित रघुनाथ प्रसाद वैष्णव की अगुवाई में रामचरित मानस का विशेष पूजन किया गया, जिसके बाद आरती और वंदना के साथ नवान्ह पारायण पाठ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर तेजपाल उपाध्याय, प्रेमशंकर सोनी, शंकरलाल तोषनीवाल और श्याम घीया सहित कई मानस भक्त मौजूद रहे। अध्यक्ष पंडित रघुनाथ प्रसाद वैष्णव ने बताया कि यहां प्रत्येक रविवार को रामचरित मानस के पांच दोहों का सस्वर पाठ किया जाता है।

आपसी सहमति से प्रकरणों का हुआ निस्तारण

शाहपुरा। में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमती सानिया हाशमी की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम बेंच ने मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी), सिविल, दाण्डिक एवं बैंक रिकवरी जैसे 838 लंबित व प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण कर करोड़ों रुपये के अवार्ड पारित किए। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनमीत सिंह मोंगा की द्वितीय बेंच ने 12,886 राजस्व प्री-लिटिगेशन और 1,966 न्यायालय में लंबित मामलों को सफलतापूर्वक सुलझाया। आयोजन को सफल बनाने में लोक अदालत सदस्य मोहम्मद शरीफ, अपर लोक अभियोजक हितेश शर्मा, न्यायालय कर्मचारियों, अधिवक्ताओं और बैंक अधिकारियों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। सामूहिक प्रयासों से न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाकर आमजन को त्वरित न्याय प्रदान किया गया।

धूमधाम से मनाई भगवान अग्रसेन महाराज की 5151वीं जयंती

बिजयनगर। अग्रवाल समाज के आराध्य देव भगवान श्री अग्रसेन महाराज की 5151वीं जयंती के अवसर पर शहर में एक भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। श्री अग्रसेन मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में समाज के बंधुओं ने

उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान शहर के मुख्य मार्ग भगवान अग्रसेन के जयकारों और बैंड-बाजों की धुनों से गूंज उठे। रेलवे स्टेशन के समीप स्थित अग्रवाल धर्मशाला से आरंभ हुई यह शोभायात्रा चार बती चौराहा, पीपली चौराहा और कृषि मंडी चौराहा से होते हुए वैष्णव भवन पहुंची, जहां इसका समापन एक विशाल सभा के रूप में हुआ। शोभायात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें पुरुष श्वेत वस्त्रों में तथा महिलाएं पारंपरिक चुनरी और उपरणा धारण कर शामिल हुईं। साथ ही, रथों पर सजी भगवान अग्रसेन महाराज की भव्य झांकी ने सभी का मन मोह लिया। वैष्णव भवन में आयोजित सभा के दौरान आठ दिनों तक चले विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्य मों के विजेताओं को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्री अग्रसेन मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार बिंदल ने अपने संबोधन में समाज की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आपसी एकता, भाईचारे और सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। उन्होंने सफल आयोजनों के लिए सभी समाज बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक मधुसूदन कानोड़िया, सचिव चंद्रप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रवण नागौरी, उपाध्यक्ष विनोद गोयल, महिला मंडल की शिल्पी मितल और नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मनोज तायल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।

कैंसर पीड़ित महिलाओं की मुस्कान के लिए दान किए 54 इंच लंबे बाल

शाहपुरा। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही महिलाओं के लिए बालों का झड़ना केवल एक शारीरिक बदलाव नहीं, बल्कि मानसिक पीड़ा और सामाजिक असहजता का बड़ा कारण बन जाता है। इस स्थिति से गुजर रही महिलाओं के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटाने और उनका आत्मविश्वास बहाल करने के लिए शाहपुरा की बेटी एवं भीलवाड़ा के शास्त्रीनगर स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर मंजू धाबाई ने एक अनुकरणीय पहल की है। करीब दो वर्ष पूर्व भीलवाड़ा के एक चिकित्सालय में कैंसर पीड़ित महिलाओं की पीड़ा और विग की आवश्यकता को समझकर मंजू ने अपने बाल दान करने का संकल्प लिया था। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उन्होंने लगातार दो वर्षों तक बाल नहीं कटवाए। जब उनके बाल लगभग 54 इंच लंबे हो गए, तब उन्होंने इन्हें कैंसर पीड़ितों के लिए विग बनाने हेतु दान कर दिया।

गरबा में होगा तलवार रास का आयोजन

शाहपुरा। श्री नवदुर्गा डांडिया ग्रुप द्वारा महलों के चौक राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय तहनालगेट परिसर में गरबा आयोजन शोभा यात्रा के साथ माता की मूर्ति की स्थापना की गई। ग्रुप के अध्यक्ष दिल्ली सिंह संयोजक स्वराज सिंह ने बताया कि गरबा नृत्य रोजाना चार राउंड में आयोजित किया जाएगा बालक बालिका पुरुष व महिला चार राउंड में होगा प्रतिदिन के विजेताओं को आखिरी दिन पारितोषिक वितरण में सोने चांदी के सिष्ठ स्त्रे वितरण किए जाएंगे निरंतर 29 वर्ष में विशेष आयोजन में तलवार रास महिला द्वारा आयोजित किया जाएगा रात्रि को 8 बजे माता की आरती के बाद गरबा का नृत्य प्रारंभ हो जाएगा गरबा आयोजन 11 से 22 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। 23 अक्टूबर को 4:30 बजे माता की शोभा यात्रा के साथ विसर्जन कार्यक्रम पर किया जाएगा।

भोले के गीत

भोले के गीतों को गाकर,
मंद-मंद मुस्काता हूं,
जीवन के हर कठिन पथों पर,
आगे बढ़ता जाता हूं।
भोले के गीतों ...
सप्त सुरों के भाव में डूबा,
गीत नया मैं बनाता हूं,
साज छेड़ता जब सरगम के,
मन भर कर इठलाता हूं।
भोले के गीतों ...
नदियां तीरे बैठ के भोले,
जब तेरा श्रृंगार किया,
एक-एक भाव पढ़े फिर भोले,
जीवन को साकार किया।
भोले के गीतों ....
चंदन लगा तेरे माथे पर,
खुशबू अंतस उतर गई,
भोले की मनभावन सूरत,
देखो कितनी संवर गई।
भोले के गीतों ....
आओ हम सारे जन मिलकर,
भोले का गुणगान करें,
चला करेगी दुनियादारी,
हम तो बस मुस्कान भरें।
भोले के गीतों ....

कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम

स्मॉल बिज़नेस सेक्टर में ऐतिहासिक उछाल : क्रेडिट पोर्टफोलियो 50.9 लाख करोड़ रुपए के पार

राजस्थान बना ग्रोथ का नया केंद्र

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुबई

भारत के स्मॉल बिज़नेस सेक्टर ने क्रेडिट की बढ़ती पहुँच, बेहतर एसेट क्वालिटी और लगातार होते औपचारिककरण के दम पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जून 2026 तक भारत का स्मॉल बिज़नेस क्रेडिट पोर्टफोलियो 50.9 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुँच गया है। सीआरआईएफ क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज़ और स्मॉल इंडस्ट्रीज़ डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) द्वारा जारी सीआरआईएफ-सिडबी स्मॉल बिजनेस स्पॉटलाइट रिपोर्ट (सितंबर 2026) के पाँचवें संस्करण के अनुसार, छोटे व्यवसायों का बकाया पोर्टफोलियो 50 लाख करोड़ रुपए के अहम् पड़ाव को पार कर चुका है। इसमें साल-दर-साल 14.9 प्रतिशत और तिमाही-दर-तिमाही 3.5 प्रतिशत की मज़बूत बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो बिज़नेस क्रेडिट की बढ़ती माँग और अर्थव्यवस्था के औपचारिक होने की दिशा को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। इस तेज़ी से बढ़ते पोर्टफोलियो को सबसे ज़्यादा गति अकेले कारोबार चलाने वाले (सोल प्रोप्राइटर) उद्यमियों से मिल रही है। इनके पोर्टफोलियो में सालाना आधार पर 19.3% का विस्तार हुआ है, जबकि एक्टिव लोन की संख्या में 27.4 प्रतिशत का ज़बरदस्त इजाफा देखा गया है। पोर्टफोलियो आउटस्टैंडिंग की तुलना में एक्टिव लोन में यह तेज़ बढ़ोतरी क्रेडिट तक सामान्य उद्यमियों की पहुँच के व्यापक विस्तार का प्रमाण है। इसके साथ ही, लोन न चुकाने के मामलों में कमी आने से एसेट क्वालिटी में भी सुधार हुआ है। 91 से 180 दिनों की डेलिंक्वेंसी दर जून 2025 के 1.5 प्रतिशत से घटकर जून 2026 में 1.2 प्रतिशत पर आ गई है। कुल पोर्टफोलियो में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी सबसे ज़्यादा 41.92 प्रतिशत रही, जिसमें 3प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

इस राष्ट्रीय परिदृश्य के बीच राजस्थान राज्य विकास के एक मुख्य केंद्र के रूप में उभरा है। जून 2026 तक राजस्थान का स्मॉल बिज़नेस क्रेडिट पोर्टफोलियो 3.4 लाख करोड़ रुपए तक पहुँच गया, जो देश के कुल पोर्टफोलियो का 6.8 प्रतिशत है। राज्य ने 16.8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर हासिल की है, जो 14.9 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। 53 लाख से अधिक रजिस्टर्ड एमएसएमई आधार, अनुकूल सरकारी नीतियों और 0.9 प्रतिशत के निम्न 91-180 आंकड़े के साथ राजस्थान देश के सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्रेडिट बाज़ारों में शामिल हो गया है। यहाँ मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 45.4 प्रतिशत रही, जबकि सर्विस सेक्टर में 15.6 प्रतिशत की सबसे तेज़ वृद्धि देखी गई। सीकर और नागौर जैसे उभरते जिलों में राज्य के औसत से भी अधिक वृद्धि दर्ज हुई है, जो यह साबित करती है कि क्रेडिट विस्तार अब बड़े शहरों तक सीमित न रहकर छोटे केंद्रों तक तेज़ी से फैल रहा है।

विधायक कोठारी की अनुशंषा पर 12.83 करोड़ के विकास कार्यों को मिली गति

सड़क, नाली, पार्क, ग्रीन बेल्ट, लाइटिंग, खेल संबंधी विभिन्न विकास कार्य

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की अनुशंषा पर शहर के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए नगर विकास न्यास के माध्यम से 12 करोड़ 82 लाख 99 हजार रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की निविदाएं पूर्व में ही आमंत्रित की जा चुकी हैं। इन कार्यों के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण एवं मरम्मत, नाली निर्माण, पार्कों का विकास, ग्रीन बेल्ट व डिवाइडर का रखरखाव, विद्युत व्यवस्था, योग एवं खेल सुविधाओं सहित विभिन्न आधारभूत विकास कार्य करवाए जाएंगे।

विधायक कोठारी ने बताया कि उपनगर पुर के बलिया खेड़ा मोक्षधाम में हॉल निर्माण पर 10 लाख रुपये, जोन-3 में ग्रीन बेल्ट एवं डिवाइडर के वार्षिक रखरखाव पर 17.11 लाख रुपये, शहर के पश्चिमी क्षेत्र में 11 केवी डीपी स्ट्रक्चर एवं एलटी लाइन विस्तार पर 9.97 लाख रुपये तथा पूर्वी क्षेत्र में इसी प्रकार के कार्यों पर 10 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। न्यास के योजना एवं गैर-योजना क्षेत्रों में पोलों पर एलईडी लाइट लगाने के लिए 9.99 लाख रुपये तथा मोहनलाल सुखाड़िया नगर एवं रमा विहार में योग हॉल निर्माण के लिए 10 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। शहर के पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्रों में विभिन्न पार्कों, सर्किलों, डिवाइडरों एवं अन्य स्थानों पर पोल लगाने के लिए 15-15 लाख रुपये तथा आजाद नगर, बापू नगर एवं पटेल नगर के पार्कों के रखरखाव पर 3.94 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शारदा चौराहे पर ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग पर 2.16 लाख रुपये, पश्चिमी क्षेत्र के गैर-योजना क्षेत्र में ईईएसएल रोड लाइटों एवं पैनलों के रखरखाव पर 8.79 लाख रुपये, जोन-1 के प्रगति पथ की ग्रीन बेल्ट एवं डिवाइडर के रखरखाव पर 9.95 लाख रुपये तथा न्यास के योजना, गैर-योजना एवं परिधि क्षेत्र में रोड लाइट वायर विस्तार पर 9.81 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सर्वे कार्यों पर 10 लाख रुपये, योजना क्षेत्र के पार्कों एवं सर्किलों की लाइटों तथा ट्यूबवेल के रखरखाव पर 20.28 लाख रुपये और 20म30 आकार के सिले हुए तिरंगे झंडों की आपूर्ति पर 10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जोन-2 एवं जोन-4 में वार्षिक रखरखाव पर 21.06 लाख रुपये तथा इरास से तेजसिंह सर्किल तक और गौरव पथ पर ग्रीन बेल्ट एवं डिवाइडर के रखरखाव पर 26.06 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं।

कॉलोनियों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत पटेल नगर एवं विस्तार क्षेत्र में नाली, क्रॉसिंग एवं मरम्मत कार्यों पर 24.93 लाख रुपये, ट्रांसपोर्ट नगर में 25 लाख रुपये, आरसी व्यास कॉलोनी में 25 लाख रुपये, विजय सिंह पथिक नगर एवं विस्तार में 25 लाख रुपये तथा मोहनलाल सुखाड़िया नगर एवं बापू नगर में 25-25 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। पंचवटी योजना में विकास कार्यों पर 30 लाख रुपये, पटेल नगर सेक्टर-2 में पार्क निर्माण पर 82.60 लाख रुपये तथा न्यू पटेल नगर सेक्टर-10 में विकास कार्यों पर 44.35 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जिला क्लब भीलवाड़ा की मरम्मत के लिए 74.52 लाख रुपये, आजाद नगर सेक्टर-5 में सड़क निर्माण के लिए 75 लाख रुपये तथा जोन-1 में सड़क मरम्मत एवं पेचवर्क के लिए 75 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं।

इसी क्रम में तिलक नगर सेक्टर-1 एवं 5 के पार्कों के रखरखाव पर 3.56 लाख रुपये, नेहरू विहार सेक्टर-14 एवं 15 के पार्कों पर 3.12 लाख रुपये, जोन-2 में 200 फीट रिंग रोड पर पाइप संबंधी कार्यों के लिए 24.97 लाख रुपये तथा तिलक नगर सेक्टर-10 के पार्क के विकास पर 30 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

जोन-3 के रामनगर में नाली एवं सड़क निर्माण पर 33.82 लाख रुपये, तिलक नगर में सीसी रोड निर्माण पर 42.62 लाख रुपये, मारुति कॉलोनी में 45 लाख रुपये तथा आजाद नगर एस सेक्टर में 46.96 लाख रुपये के कार्य करवाए जाएंगे। किशनावतों की खेड़ी में नाला एवं नाली निर्माण पर 68.70 लाख रुपये, पुर स्टेडियम में रेसलिंग एवं जूडो हॉल निर्माण पर 74.48 लाख रुपये तथा हलेड़ रोड स्थित रिद्धि-सिद्धि एन्क्लेव में नाला निर्माण पर 88 लाख व्यय किए जाएंगा।